**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**23.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**''आज के मुख्य समाचार''**

- राज्य निर्वाचन विभाग ने 2019 के आम चुनावों में कम मतदान दर्ज करने वाले 22 विधानसभा क्षेत्रों में की 22 गोईंग टू 72 अभियान की शुरूआत ।
- कांग्रेस के 6 पूर्व विधायकों सहित तीन निर्दलीय विधायक भाजपा में शामिल–केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने किया स्वागत।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सहित कांग्रेस नेताओं ने बागी विधायकों सहित निर्दलीय विधायकों के भाजपा में शामिल होने को बताया निजी स्वार्थ।

  और
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सुजानपुर के चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव का किया शुभारंभ।

**मनीष गर्ग**

राज्य निर्वाचन विभाग ने वर्ष 2019 के आम चुनावों में 70 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाले 22 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर '22 गोइंग टू 72' अभियान की शुरूआत की है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने आज शिमला में ये जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के तहत विभिन्न अराजनीतिक लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए क्षेत्रवार निर्वाचन आइकन के रूप में शामिल किया जाएगा और बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड भी मतदाताओं को वितरित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसके अलावा लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बूथ जागरूकता क्लबों को सक्रिय किया जाएगा और चुनावी साक्षरता क्लब चुनावी साक्षरता अभियान चलाएंगे ताकि आम जनता को बढ़चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों और औद्योगिक संगठनों में मतदाता जागरूकता मंच भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे। इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आज राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शोघी में प्रस्तावित मतगणना केन्द्र का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला व पुलिस प्रशासन से मतगणना के लिए की जाने वाली तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। मनीष गर्ग ने स्कूल में अलग–अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए निर्धारित स्ट्राँग रूम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान शिमला के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम कश्यप ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को स्कूल में मतगणना के लिए की गई तैयारियों से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि नए मतदाताओं को पंजीकरण के लिए हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त मतदाता प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए जिला के हर विधानसभा क्षेत्र में स्वीप गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है।

**भाजपा सदस्यता**

प्रदेश कांग्रेस के 6 पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इन्द्र दत्त लखनपाल, देवेन्द्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा भाजपा में शामिल हो गए हैं। इसके अलावा तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, केएल ठाकुर और आशीष शर्मा भी भाजपा में शामिल हो गए हैं। नई दिल्ली में आज भाजपा नेता व केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल की उपस्थिति में इन विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थामा।

**अनुराग ठाकुर**

वरिष्ठ भाजपा नेता व सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रदेश की कांग्रेस की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों और अधूरे वायदों से त्रस्त होकर ही पार्टी के 6 पूर्व विधायक आज भाजपा में शामिल हुए हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा की सुशासन और राष्ट्रवादी नीतियों में विश्वास जताया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, केएल ठाकुर और आशीष शर्मा भी आज भाजपा में शामिल हुए हैं और इन सभी नेताओं का उन्होंने भाजपा में शामिल होने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते हैं और देश मोदी की गारंटी पर भरोसा करता है।

**जयराम ठाकुर**

पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि भाजपा में शामिल होने वाले प्रदेश के सभी नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास रखते हैं और उनके साथ काम करते हुए प्रदेश की सेवा करना चाहते हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने सभी नेताओं को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी उन्हें एक परिवार के सदस्य के रूप में पूरा मान–सम्मान देगी। जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार हर मोर्चे पर नाकाम रही है और जन प्रतिनिधियों को अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामियों के कारण ही कांग्रेस नेता अपनी विधायकी छोड़ने को विवश हुए हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन कल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर देश के कद्दावर नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

**मुख्य न्यायाधीश**

प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम. एस. रामचन्द्र राव ने आज कुल्लू में एक करोड़ 58 लाख रुपये से निर्मित न्यायायिक न्यायालय परिसर के विस्तार का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि आमजन तक न्याय को सुगम बनाने और लोगों की पहुंच न्यायपालिका तक आसान करने के लिए न्यायिक अधोसंरचना का विकास बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्यायिक अधोसंरचना को आधुनिक रूप से विकसित करने की कड़ी में ऑनलाइन प्रणाली को बेहतर किया जा रहा है। इस अवसर प्रदेश के उच्च न्यायालय की न्यायाधीश व प्रशासनिक न्यायाधीश सिविल व सैशन डिविजन कुल्लू न्यायमूर्ति ज्योत्सना रेवाल दुआ भी उपस्थित रहीं।

**कांग्रेस नेता**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस पार्टी के 6 बागी विधायकों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि इन नेताओं ने निजी स्वार्थ के चलते जनता के साथ धोखा किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन नेताओं ने देवभूमि हिमाचल के आदर्श व मूल्यों को खरीद फरोख्त वाली राजनीति से कुचला है और प्रदेश की जनता अवश्य ही इसका जवाब देगी। इस बीच आयुष व खेल मंत्री यादविंद्र गोमा, मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी और विधायक संजय रत्न ने कांग्रेस के 6 बागी विधायकों सहित तीन निर्दलीय विधायकों के भाजपा में शामिल होने को निजी स्वार्थ बताया है। शिमला स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आज एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में इन नेताओं ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बहुमत में है और पांच साल तक मजबूती के साथ जनता की सेवा करेगी। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि बागी विधायकों ने पार्टी के साथ धोखा किया है और मुख्यमंत्री पर बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं। इन नेताओं आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार देश में गैर भाजपा सरकारों को अस्थिर करने का प्रयास करती है और इसी तरह का प्रयास प्रदेश में भी किया जा रहा है जिसमें ये सफल नहीं होंगे।

**होली उत्सव**

हमीरपुर जिले के ऐतिहासिक नगर सुजानपुर का चार दिवसीय राष्ट्र स्तरीय होली उत्सव आज पारंपरिक भव्य शोभायात्रा व पूजा अर्चना के साथ आरंभ हो गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शोभायात्रा में भाग लिया और बाद में ऐतिहासिक मुरली मनोहर मंदिर में पूजा अर्चना कर उत्सव का शुभारंभ किया। राज्यपाल ने सुजानपुर के चौगान में विभिन्न विभागों, संस्थाओं और स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का उदघाटन भी किया। उन्होंने लोगों को होली की शुभकामनाएं भी दी। होली उत्सव में मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

**रघुनाथ होली**

कुल्लू जिला में भगवान रघुनाथ मंदिर में बैरागी समुदाय के लोग बीते करीब 4 सौ वर्ष से होली की प्राचीन परंपराओं का निर्वहन करते आ रहे हैं। ऐसे में भगवान रघुनाथ के मंदिर में होलाष्टक के साथ हर दिन बैरागी समुदाय के लोग मथुरा वृंदावन की तर्ज पर ब्रजभाषा में प्राचीन होली गीत की पुरातन परम्परा को निभाते हैं। भगवान रघुनाथ ने बैरागी समुदाय के लोगों को कमल आसन में दर्शन दिए। इस दौरान भगवान रघुनाथ के छड़ीबरदार महेश्वर सिंह ने बैरागी समुदाय के लोगों पर पीलारंग फैंक कर होली की प्राचीन परंपरा का निर्वहन किया। भगवान रघुनाथ के कारदार दानवेंद्र सिंह ने कहा कि भगवान के 40 उत्सव होते हैं और पांच उत्सवों में भगवान रघुनाथ मंदिर से बाहर निकलते है और श्रद्धालुओं को दर्शन देते हैं।

**मांग**

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी की सेचू पंचायत के मूर्छ भटोरी वार्ड में पिछले करीब दो माह से बिजली न होने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पंच माघी शर्मा ने बताया कि बर्फबारी के कारण विभिन्न स्थानों पर बिजली की तारें क्षतिग्रस्त हो गई थी जिन्हें अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली न होने के कारण वार्ड के करीब दो सौ लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इलाके में बिजली की तारों को जल्द दुरुस्त कर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की

संबंधित विभाग और सरकार से मांग की है। माघी शर्मा ने चस्क से भटोरी के लिए बन रही सड़क का निर्माण कार्य अधर में लटकने पर भी आपत्ति जताई और पांगी प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क निर्माण को जल्द पूरा करवाया जाए ताकि लोगों को सड़क सुविधा मिल सके।

## चुनाव आयोग

आगामी लोकसभा चुनाव में 18 से 19 वर्ष की आयु के लगभग एक करोड़ 80 लाख युवा पहली बार मतदान करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा पहली बार मत देने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आई वोट फॉर श्योर जैसे कई सोशल मीडिया अभियान चलाए जा रहे हैं।

## स्वीप कार्यक्रम

चुनाव का पर्व, देश का गर्व' के संदेश के साथ प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्वीप कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुल्लू जिला के ढालपुर मैदान में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए, होली के रंग, मतदाता के संग, कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन बाल विकास परियोजना, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग और नेहरू युवा के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में गैर सरकारी संस्थाओं के स्वयं सेवकों ने भी शिरकत की। इस दौरान आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए रंगोली प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान और मतदाता सेल्फी प्वाईंट जैसी गतिविधियों का आयोजना किया गया। उपायुक्त ने उपस्थित लोगों को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की प्रतिबद्धता को लेकर प्रयास करने की शपथ दिलाई। उन्होंने पोषण पखवाड़े के समापन समारोह की भी अध्यक्षता की।

## साहित्य उत्सव

राजधानी शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में भाषा व संस्कृति विभाग और कीकली चेरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय बाल साहित्य उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव में बाल जगत की विख्यात लेखिका रूपा पाई ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की जबकि विशेष अतिथि के रूप में मशहूर कार्टूनिस्ट उदय शंकर और श्रीनिवास जोशी मौजूद रहे। बाल उत्सव में जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के 25 वर्ष से कम आयु वाले 2 सौ 50 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कीकली चौरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष वंदना भागड़ा ने बताया कि मीमांसा बाल उत्सव को दो भागों में बांटा गया है जिसमें सुबह के सत्र में पुस्तक समीक्षा और कविताओं का मंचन हो रहा है जबकि दोपहर बाद इंटर स्कूल प्रतियोगिता में पोस्टर, स्लोगन राइटिंग और शब्दकोश दक्षता पर सत्र हो रहा है। ये बाल उत्सव कल सम्पन्न होगा।

————————————————————————————————

————————————————————————————————